उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक– 29.10.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 29.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 29.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 29.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उ0नि0 मो0 अकरम मय हमराह कां0 नितिन कुमार के नेतृत्व में टीम ने ग्राम धवार से माननीय परिवार न्यायालय महोबा के द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारंट के क्रम में मुकदमें से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रणधीर अहिरवार पुत्र रामकिशन अहिरवार उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम धवार थाना महोबकंठ जनपद महोबा सम्बन्धित केस नं0 56/24 धारा 128 द0प्र0सं0 थाना महोबकंठ को ग्राम धवार से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा वारंटी उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1. उ0नि0 मो0 अकरम
2. कां0 नितिन कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त –

रणधीर अहिरवार पुत्र रामकिशन अहिरवार उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम धवार थाना महोबकंठ जनपद महोबा




@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 29.10.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29.10.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें शामिल हैं:

वूमेन पॉवर लाइन – 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा – 112

एम्बुलेंस सेवा – 108, चाइल्ड लाइन – 1098, स्वास्थ्य सेवा – 102

महिला हेल्पलाइन – 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन – 1076, साइबर हेल्पलाइन – 1930

कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, मार्गदर्शन और सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।









# Meticulous Investigation & Prosecution

## ऑपरेशन कन्विक्शन | महोबा पुलिस

**"नाबालिग के साथ दुष्कर्म" की घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 11,000/- रुपये जुर्माने की मिली सजा।**



पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के दृष्टिगत जनपद महोबा पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी के क्रम में आज दिनांक 29.10.2025 को विशेष पाक्सो, कोर्ट महोबा द्वारा "वादी की नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार करने" के अभियोग में आरोपी अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 11,000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

❖ विवरण निम्नवत है:-

थाना कबरई में पंजीकृत मु0अ0सं0 115/2020 धारा 376(3)/506 भादवि व 4(2) पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त पवन कुमार पुत्र बाबूलाल वर्मा निवासी ग्राम छानीकला थाना कबरई जनपद महोबा को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 11,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है।



पुष्पेन्द्र मिश्रा
विशेष लोक अभियोजक



अमन सिंह
विशेष लोक अभियोजक



आ0. ज्ञानेन्द्र कुमार
पैरोकार थाना कबरई महोबा

## राष्ट्रीय एकता दिवस के दृष्टिगत पुलिस बैण्ड द्वारा जनपद के शहीद स्मारकों पर राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति...।



देश की अखण्डता एवं एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर (राष्ट्रीय एकता दिवस) के दृष्टिगत जनपद महोबा में दिनांक 21.10.2025 से 31.10.2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 29.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने हेतु जनपद के स्वतंत्रता संग्राम स्थलों एवं शहीद स्मारकों पर पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गयी।

पुलिस बैण्ड दल द्वारा क्रमशः

कारगिल शहीद श्री जगदीश प्रसाद यादव स्मारक (पचपहरा),

शहीद श्री राकेश चौरसिया स्मारक (कीरत सागर),

शहीद श्री दिनेश बुधौलिया स्मारक (पीडब्ल्यूडी) तथा

पुलिस लाइन स्थित प्रतीकात्मक शहीद स्मारक पर राष्ट्रभक्ति गीतों की मनमोहक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियाँ दी गयीं।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना तथा देश के शहीदों के अमर बलिदान को नमन करना रहा। “राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि देश की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा सर्वोपरि है। पुलिस बल सदैव इस संकल्प के साथ कार्य करता रहेगा कि राष्ट्रहित सर्वोच्च है।”